# रिश्ते के जमाई ने लूट कर की थी महिला की हत्या

**खास बातें**

- गुरारिया हाईवे ब्रिज के नीचे मिली महिला की लाश का खुलासा
- लूट के बाद गला घोंटकर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार
- पांच लाख के आभूषण और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद



नवभारत न्यूज

**विदिशा 15 मार्च, जिले के करारिया चौराहा थाना क्षेत्र में गुरारिया हाईवे ब्रिज के नीचे महिला का शव मिलने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. आरोपी महिला के ससुराल के खानदान की तरफ से महिला के दूर के रिश्ते का जमाई लगता था. जो महिला का जानता था शादी के दौरान उसने महिला से पहले लूट की उसके बाद उसके बाद उसकी हत्या कर लाश को ब्रिज के पास ठिकने लगा दिया.**

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से लूट के जेबरात बदामद कर लिए हैं. पुलिस के अनुसार 12 मार्च 26 को सूचना मिली थी कि गुरारिया हाईवे ब्रिज के नीचे एक महिला का शव पड़ा हुआ है. सूचना मिलते ही करारिया चौराहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू की. घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा वहां से महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य एकत्र किए गए. जांच के दौरान मृतिका की पहचान सविता राजपूत (50 वर्ष) पत्नी बलवीर सिंह राजपूत निवासी शमशाबाद के रूप में हुई. परिजनों ने पुलिस को बताया कि सविता राजपूत घर से कुछ सोने के आभूषण और एक बैग लेकर निकली थीं, लेकिन घटनास्थल पर यह सामान नहीं मिला। इससे पुलिस को लूट और हत्या की आशंका हुई. मृतिका का पोस्टमार्टम मेडिकल कॉलेज विदिशा में कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि महिला की मौत गला घोंटने (थ्रॉटलिंग) से हुई है। चिकित्सकीय राय में यह मृत्यु हत्या की श्रेणी में पाई गई। इसके बाद पुलिस ने मर्ग जांच के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 57/2026 धारा 103(1), 64(1), 66 और 309(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की.

## शादी में बिना बुलाए आया था आरोपी यहां पर झांसा देकर की वारदात

पुलिस ने बताया कि आरोपी चंदन सिंह राजपूत मृतक महिला के दूर के रिश्ते का जमाई लगता था जिससे महिला की मुलाकात शादी में हुई थी यहां पर ही महिला से उसने बातचीत शुरू की और इस वारदात को अंजाम दिया. पुलिस ने शक के आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ की लेकिन पुलिस को कोई अहम जानकारी नहीं मिली. जिसके बाद शादी समारोह में आए कई लोगों से पूछताछ की तो मालूम चला कि शादी वाली रात चंदन सिंह शादी समारोह में नजर आया था जिसे शादी में नहीं बुलाया गया था. जिसके बाद गहराई से पड़ताल की गई तो पता चला की चंदन सिंह को महिला से बात करते हुए भी देखा गया लेकिन वह शादी से जल्द निकल गया. जिसके बाद पुलिस ने चंदन सिंह की कंडली खंगाली और पूरी हकीकत पुलिस के सामने आ गई, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में करारिया चौराहा थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कई पहलुओं पर जांच की. घटनास्थल से मिले साक्ष्यों, तकनीकी विश्लेषण और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस को चंदन सिंह राजपूत उर्फ लल्लू (35 वर्ष) निवासी रघरू शमशाबाद, हाल निवासी मोहनगिरी बरईपुरा विदिशा पर संदेह हुआ. पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने महिला के साथ लूटपाट करने के बाद गला घोंटकर हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने सोने की दो चूड़ी, एक सोने की चैन, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक सोने का मंगलसूत्र, दो चांदी की अंगूठियां और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की. बरामद आभूषण और अन्य सामग्री की कुल कीमत करीब पांच लाख रुपये आंकी गई है.

# पुरानी पुलिया में पाइप जोड़ बना दी नई पुलिया

**पीडब्ल्यूडी विभाग का कारनामा**





नवभारत न्यूज

**नटेरन 15 माच्र, नटेरन विकासखंड में कुछ ना कुछ नया कारनामा चाहे ग्राम पंचायत लेवल का हो चाहे सरकारी विभाग का हो चलते ही रहते हैं.यहां देखने में आया की ग्राम पंचायत यचदा से ग्राम रजोदा की ओर जाने वाली तीन किलोमीटर की सड़क में जो की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ठेके पर बनाई जा रही सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें पुरानी पुलियों को ही नया स्वरूप देकर नई बनाई जा रही है.यहां देखने में आया कि तीन पाइप की पुलिया में दोनों साइड एक-एक पाइप और जोड़कर पांच पाइप की पुलिया बना दी गई.**

जबकि वह पुलिया बरसात के मौसम से ही पूर्णता क्षतिग्रस्त है.एक और मजे की बात सड़क चौड़ीकरण एवं पुलिया चोरी करने के लिए एक-एक पाइप जोड़कर पुलिया को चौड़ा कर दिया गया है.जबकि नई सड़क निर्माण एवं पुलिया निर्माण के लिए एस्टीमेट के तहत पुरानी पुलिया हटाकर उसकी जगह पांच पाइप की पुलिया एवं चौड़ी करने के लिए एस्टीमेट में आदेश है.

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार एवं विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से ही यह काम संभव हो सकता है.जब ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में काम कर रहे मजदूर एवं मुंशी से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि जो अधिकारी बताएंगे वही हम काम करेंगे. अधिकारियों ने हमें ऐसा करने के ही लिए बताया है.जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि पुरानी पुलिया को ही एक-एक पाइप लगाकर और नया स्वरूप देकर नई पुलिया में तब्दील की गई है.ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है जिससे वह मनमाने तरीके से सड़क का घटिया निर्माण कर रहा है. इससे तो यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से यह काम चल रहा है. एक और मजे की बात है कि अभी कुछ दिन पूर्व ही क्षेत्रीय विधायक द्वारा कई वर्षो से मांग के बदले है सड़क दी गई थी और इसका भूमि पूजन भी क्षेत्रीय विधायक सूर्य प्रकाश मीणा द्वारा किया गया था.ग्रामीण अब इस बात से परेशान है कि नहीं सड़क बनने के बाद भी बरसात में वही हालत रहेंगे जो पहले थे.ग्रामीणों ने कलेक्टर से जांच करने की मांग की है जिससे सड़क निर्माण एवं पुलिया निर्माण की गुणवत्ता में सुधार हो सके.

## पंचकल्याणक महोत्सव में मुनि वृषभसागर महाराज की आहारचर्या संपन्न

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जैन महा विद्यालय परिसर में आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पांचवें दिन रविवार को मुनि श्री वृषभसागर महाराज की आहारचर्या संपन्न हुई तथा मध्याह्न में केवलज्ञान कल्याणक का भव्य आयोजन किया गया. प्रवक्ता अविनाश जैन विद्वावाणी ने बताया कि सुबह मंगलिक क्रियाएं प्रारंभ हुईं। लगभग 500 दिन के उपवास के बाद मुनि श्री वृषभसागर महाराज की आहारचर्या संपन्न हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक इक्षुरस गन्ने का रस से आहारदान किया. कार्यक्रम में प्रतिमाओं का अंकेन्यास, केवलज्ञान विधि और समवसरण की रचना सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए. सोमवार को प्रात: मोक्ष कल्याणक विधान, हवन और भव्य शोभायात्रा के साथ पंचकल्याणक महोत्सव का समापन होगा.

## अनुपस्थित डॉक्टर तथा अन्य स्टॉफ का वेतन काटने के दिए निर्देश

**सीएमएचओ ने सांची में शासकीय अस्पताल का किया निरीक्षण**



नवभारत न्यूज

**सांची,** जिले में नागरिकों को शासकीय अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर उपचार मिले, इसके लिए कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे को जिले में शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए हैं. इसी क्रम में सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे द्वारा गत दिवस प्रात: के समय सांची स्थित शासकीय अस्पताल पहुंचकर उपचार व्यवस्थाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया. इसके साथ ही उन्होंने एचपीवी वैक्सीनेशन की प्रगति की भी जानकारी ली.इस दौरान अनुपस्थित मिले डॉक्टर तथा अन्य स्टाफ की रजिस्टर के अनुपस्थिति दर्ज करते हुए एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए.साथ ही सीबीएमओ को एचपीवी वैक्सीनेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए.

## राज्य स्तरीय एनएसएस कन्वेंशन में विदिशा से सहभागिता

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल राष्ट्रीय सेवा योजना युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्टेट लेवल एनएसएस कन्वेंशन 2026 का आयोजन 16 और 17 मार्च को भोपाल में किया जाएगा . इस कन्वेंशन में एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज विदिशा के कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश कुमार प्रजापति जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे .

## सड़कों की खुदाई, कचरा टैक्स और बेतवा प्रदूषण के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**माधवगंज चौराहे से रैली निकालकर नगर पालिका को सौंपा जाएगा ज्ञापन**

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शहर में सड़कों की बार-बार खुदाई, कचरा टैक्स और बेतवा नदी में मिल रहे सीवेज के विरोध में जिला कांग्रेस द्वारा सोमवार 16 मार्च को प्रदर्शन किया जाएगा. जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि बिना किसी ठोस कार्ययोजना के नगर पालिका द्वारा शहर की मुख्य सड़कों को बार-बार खोदकर दोबारा बनाया जा रहा है, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका बन रही है. उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपये का बजट मिलने के बावजूद नगर पालिका जनता को राहत देने के बजाय कचरा टैक्स के नाम पर आर्थिक बोझ डाल रही है. नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि साहू और जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा एडवोकेट ने बताया कि दोपहर 3 बजे माधवगंज चौराहे से कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में नगर पालिका कार्यालय पहुंचेंगे और नगर पालिका की नीतियों के विरोध में ज्ञापन सौंपेंगे. प्रदर्शन में कांग्रेस पार्षद, मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे.

## भगवान झूलेलाल जयंती पर निकली विशाल एकता वाहन रैली

**शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी रैली, जगह-जगह हुआ स्वागत**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, भगवान श्री झूलेलाल जी की जयंती के उपलक्ष्य में पूज्य सिंधी पंचायत विदिशा द्वारा रविवार को विशाल एकता वाहन रैली निकाली गई. सिंधी पंचायत के ऑडिटर रवि तलरेजा ने बताया कि रैली का शुभारंभ झूलेलाल मंदिर परिसर से मंत्रोच्चार के साथ किया गया.**

रैली सुबह 11 बजे सिंधी धर्मशाला डंडापुरा से प्रारंभ होकर सिंधी कॉलोनी, बस स्टैंड, नीमताल अस्पताल रोड, माधवगंज, तिलक चौक सहित विभिन्न मार्गों से होती हुई पुन: सिंधी कॉलोनी में समाप्त हुई. रैली में सिंधी समाज के अध्यक्ष दीवान मांगतानी, महामंत्री मनोज पंजवानी सहित समाज के महिला-पुरुष, युवा और बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया ।.शहर के विभिन्न स्थानों पर रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया.



## बेतवा में मिलीं एक्सपायरी डेट की दवाइयां,बना खतरा

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, बेतवा नदी के अंदर मेडिकल सामग्री दवाइयां मिलना मनुष्यों के साथ जीव जंतुओं के लिए भी खतरा हो सकता है. बेतवा नदी के अंदर सफाई के दौरान मेडिकल सामग्री एक्सपायरी डेट की दवाइयां मिलना मनुष्य एवं जीव जंतुओं के लिए बहुत खतरनाक है यह सामग्री पढ़े-लिखे लोग डाल रहे हैं.क्योंकि मेडिकल सामग्री हर किसी के पास नहीं होती यह गंभीर मुद्दा है इसकी जांच प्रशासन को करना चाहिए.**

लोगों का कहना है कि एक्सपायरी डेट की दवाइयां जमीन के अंदर भी दफनाई जा सकती है या उन्हें जलाया जा सकता है.परंतु ऐसा न करके अस्पताल, दवाखाना कुछ मेडिकल स्टोर्स वाले इस तरह का कृत्य कर रही है जो ठीक नहीं है जब भी उन्हें जानकारी मिलती है.छापामारी कार्यवाही होने वाली है तो वह आनन फानन में यह निर्णय लेते हैं. अन्यथा एक्सपायरी डेट की दवा है मरीजों को थमा देते हैं.कुछ मेडिकल वाले बगैर डॉक्टर की जांच किये बगैर पर्ची के सीधे तौर पर भी दवाइयां बेचते हैं.उनके विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जाती गरीब मरीज सीधे तौर पर दवा विक्रेता के पास पहुंच जाते हैं.क्योंकि डॉक्टरों की फीस बहुत ज्यादा होती है इसके चलते वह अपना रोग बात कर दवा खरीद लेते हैं.

## 8 लाख की हुई वसूली, 780 प्रकरण निराकृत

नवभारत न्यूज

सिरोंज, नेशनल लोक अदालत अंतर्गत शनिवार को नगरपालिका सिरोंज के सम्पत्तिकर, समेकित कर एवं जलकर की राशि उपभोक्ताओं द्वारा जमा कराई गई. जिसमें 8 लाख से अधिक राशि की वसूली की जाकर 780 प्रकरणों का निराकरण किया गया. नेशनल लोक अदालत में सीएमओ रामप्रकाश साहू एवं नगरपालिका का अमला मौजूद रहा.

**आयोजन** | **श्री रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट एवं श्री राम जन्मोत्सव समिति द्वारा होली मिलन का आयोजन**

## राम नवमी के कैलेंडर का हुआ विमोचन, शोभायात्रा में मातृशक्ति की भी होगी सहभागिता

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, श्री रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा रविवार को बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में होली मिलन समारोह के साथ-साथ रामनवमी की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई.इस अवसर पर आगामी रामनवमी महोत्सव के कैलेंडर का विमोचन किया गया और समाज के लोगों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं.बैठक के दौरान सामूहिक विचार विमर्श के दौरान रामनवमी के आयोजन को भव्य बनाने और शोभायात्रा में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी सहमति बनी.**



बैठक की शुरुआत भगवान श्रीरामचंद्र जी की प्रतिमा को गुलाल अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि रंगों का यह पर्व सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। होली, भुजरिया मिलन और रंग पंचमी ऐसे पर्व हैं, जिनमें हम एक-दूसरे से जाने-अनजाने में हुई भूलों के लिए क्षमा मांगकर नए सामाजिक जीवन की शुरुआत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि रघुवंशी समाज का सौभाग्य है कि भगवान श्रीराम उसी वंश में अवतरित हुए जिस वंश से हम सब हैं। इसलिए उनका जन्मोत्सव समाज को अपने पारिवारिक उत्सव की तरह मनाना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर गो-सेवा, गरीबों की सहायता, असहाय और निर्धनों को भोजन कराने का भी आह्वान किया.आगामी रामनवमी एक कार्यक्रम में समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं को परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में शामिल होना चाहिए.

विधायक श्री रघुवंशी ने कहा कि नगर में होने वाले धार्मिक आयोजनों, चल समारोहों और शोभायात्राओं में रघुवंशी समाज की ओर से भी स्वागत किया जाना चाहिए। उन्होंने रघुकुल युवा परिषद सहित समाज के वरिष्ठजनों से आग्रह किया कि वे सभी समाजों के द्वारा आयोजित धार्मिक आयोजन में शोभायात्रा का स्वागत कर सामाजिक एकता और सनातन धर्म की मजबूती का संदेश दें.

इस दौरान रघुकुल युवा परिषद के अध्यक्ष रोहित रघुवंशी तिलातिली ने पिछले वर्ष रामनवमी सहित परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के आय-व्यय का लेखा-जोखा समाज के समक्ष प्रस्तुत किया.उन्होंने बताया कि परिषद के कार्यकर्ता नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी रामनवमी महोत्सव का निमंत्रण देकर लोगों से आयोजन में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर घरों और पूजन कक्षों में दीप प्रज्वलित किए जाएंगे. साथ ही समाजजनों से घर-घर भगवा ध्वज लगाने का भी आह्वान किया गया.विधायक हरि सिंह रघुवंशी की प्रस्ताव पर बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी के चल समारोह में मातृशक्ति की भी सहभागिता रहेगी.इसके लिए महिलाओं का संगठन भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में शिक्षक नारायण सिंह रघुवंशी, जवाहर सिंह रघुवंशी एडवोकेट, देवेंद्र सिंह शिक्षक, पत्रकार देवेंद्र रघुवंशी सहित अन्य वक्ताओं ने भी आयोजन की भव्यता को लेकर अपने विचार व्यक्त किए.

### राजाराम रघुवंशी को बनाया गया समाज का नगर अध्यक्ष

विदिशा. जिला रघुवंशी समाज द्वारा रविवार को स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने की.कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। इस दौरान उपस्थित समाजजनों ने जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया. समारोह में समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने एक-दूसरे को भगवा तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर राजाराम रघुवंशी (पालकी वाले) को रघुवंशी समाज का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिनका समाजजनों ने स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं.

## एक बीघा जमीन पर बनेगी नई धर्मशाला,साहू समाज ने लिया संकल्प

**कर्मा देवी जयंती पर निकाली शोभायात्रा, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान**



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** साहू समाज की आराध्य देवी माता कर्मा देवी जयंती के अवसर पर रविवार को शहर में साहू समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई. दोपहर 12 बजे साहू समाज धर्मशाला, श्रीराम नगर चौराहा, बरईपुरा से प्रारंभ हुई शोभायात्रा माधवगंज से शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह समाजजनों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. शोभायात्रा में भगवान राधा-कृष्ण के सजीव स्वरूप नृत्य करते हुए चल रहे थे, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे. वहीं एक सुसज्जित रथ में माता कर्मा बाई की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसकी मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना की गई. शोभायात्रा में डीजे, ढोल-नगाड़े और बैंड की धुनों के बीच समाज के युवक-युवतियां और महिलाएं नृत्य करते हुए उत्साहपूर्वक शामिल हुईं. समाज के प्रमुख जन पारंपरिक पगड़ी पहनकर शोभायात्रा में शामिल हुए, जिससे आयोजन का माहौल और भी भव्य हो गया. शाम को साहू समाज धर्मशाला, बरईपुरा में धर्मसभा आयोजित की गई, जिसमें समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया. समाज के प्रवक्ता नरेश राज साहू ने बताया कि इस अवसर पर अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा, दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रमेश साहू ने कहा कि समाज की बढ़ती संख्या और वर्तमान धर्मशाला की सीमित व्यवस्था को देखते हुए एक बीघा भूमि लेकर नई एवं विशाल धर्मशाला के निर्माण का संकल्प लिया गया है. भूमि समाजजनों के सहयोग से खरीदी जाएगी, जबकि भवन निर्माण के लिए शासन से सहयोग मांगा जाएगा. साहू समाज विदिशा के अध्यक्ष एवं पार्षद एडवोकेट कपिल साहू ने कहा कि समाज के युवा शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं. प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करना समाज के लिए गर्व का विषय है. उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि व्यापार के साथ-साथ प्रशासनिक, शासकीय और राजनीतिक क्षेत्रों में भी आगे आकर समाज का नाम रोशन करें. प्रतिभा सम्मान समारोह के बाद धर्मशाला में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की. कार्यक्रम में केके साहू, जिला अध्यक्ष सुरेश साहू, बनवारी लाल साहू, राकेश साहू सुनील साहू, पोखनलाल साहू, शिवचरण साहू, नवीन साहू, सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, महिला-पुरुष एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.